# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*
नैक द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त **Accredited with 'A' Grade by NAAC**

ज्ञान शांति मैत्री

**कादर नवाज़ ख़ान**
कुलसचिव (कार्यवाहक)
**Kadar Nawaz Khan**
Registrar (Acting)

दूरभाष/Phone : +91-7152-230902


क्रमांक : 003/2013/UGC-M.Edu/295/2026/ 281
दिनांक : 24.08.2026

## परिपत्र

भारत सरकार के **"टी.बी. मुक्त भारत अभियान"** के उद्देश्यों के अनुरूप महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा में टी.बी. के प्रति जागरूकता, बचाव, समय पर जाँच एवं उपचार, स्वास्थ्य-संवर्धन तथा सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय स्तर पर एक समन्वित कार्ययोजना प्रस्तावित की जा रही है।

उक्त कार्ययोजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विश्वविद्यालय के **समस्त विभागाध्यक्षों, केंद्र निदेशकों, क्षेत्रीय केंद्रों के अकादमिक निदेशकों एवं प्रभारियों** से अपेक्षा है कि वे अपने-अपने विभाग/केंद्र/क्षेत्रीय केंद्र के स्तर पर निम्नानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें—

1. **जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन**

   टी.बी. के लक्षण, संक्रमण से बचाव, समय पर जाँच एवं उपचार, पोषण तथा टी.बी. से संबंधित भ्रांतियों एवं मिथकों के निराकरण हेतु जागरूकता व्याख्यान, परिचर्चा, स्वास्थ्य संवाद, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर/निबंध प्रतियोगिता आदि उपयुक्त गतिविधियों का आयोजन किया जाए।

2. **विद्यार्थियों एवं विश्वविद्यालय समुदाय की सहभागिता**

   विभाग/केंद्र के शिक्षकों, विद्यार्थियों, शोधार्थियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अभियान से सक्रिय रूप से जोड़ा जाए तथा छात्रावासों में निवासरत विद्यार्थियों तक भी अभियान का संदेश पहुँचाने के लिए आवश्यक गतिविधियाँ आयोजित की जाएँ।

3. **नि-क्षय मित्र (Ni-kshay Mitra) के रूप में सहभागिता**

   इच्छुक शिक्षकों, विद्यार्थियों, शोधार्थियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को **नि-क्षय मित्र** के रूप में सहभागिता हेतु प्रेरित किया जाए तथा इच्छुक सदस्यों को पंजीकरण एवं संबंधित प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

4. **TB Mukt Bharat App एवं Khushi Chatbot का प्रचार-प्रसार**

   विश्वविद्यालय समुदाय को **TB Mukt Bharat App** एवं **Khushi Chatbot** के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए इनके उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाए। इसके लिए विभागीय/केंद्र स्तर पर उपलब्ध डिजिटल एवं आधिकारिक संचार माध्यमों का उपयोग किया जा सकता है।

5. **डिजिटल एवं आधिकारिक माध्यमों से प्रचार-प्रसार**

   अभियान से संबंधित प्रमाणिक जागरूकता सामग्री, सूचनाएँ एवं संदेश विश्वविद्यालय की वेबसाइट, आधिकारिक ई-मेल, सोशल मीडिया, नोटिस बोर्ड तथा अन्य उपलब्ध माध्यमों से विद्यार्थियों एवं विश्वविद्यालय समुदाय तक पहुँचाए जाएँ।

6. **स्वच्छता एवं स्वस्थ जीवनशैली**

   व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्वच्छता, संतुलित आहार, स्वास्थ्य के प्रति सजगता तथा रोग की समय पर पहचान एवं उपचार के महत्व से संबंधित गतिविधियों को अभियान से जोड़ा जाए।

कादर नवाज़
25/8/26

ज्ञान शांति मैत्री

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

नैक द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त Accredited with 'A' Grade by NAAC

**कादर नवाज़ खान**
कुलसचिव (कार्यवाहक)
**Kadar Nawaz Khan**
Registrar (Acting)

दूरभाष/Phone : +91-7152-230902



7. **सामुदायिक सहभागिता**
क्षेत्रीय केंद्रों एवं अन्य संबंधित इकाइयों द्वारा उपलब्ध संसाधनों के अनुरूप स्थानीय समुदाय में टी.बी. के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु उपयुक्त गतिविधियाँ आयोजित की जाएँ तथा विश्वविद्यालय की सामाजिक जिम्मेदारी को प्रभावी रूप से निभाया जाए।

8. **गतिविधियों का अभिलेखीकरण**
आयोजित प्रत्येक गतिविधि की तिथि, स्थान, आयोजन इकाई, प्रतिभागियों की संख्या, संक्षिप्त विवरण, छायाचित्र एवं अन्य आवश्यक विवरण का व्यवस्थित अभिलेखीकरण किया जाए।

9. **प्रगति विवरण का प्रेषण**
विभाग/केंद्र/क्षेत्रीय केंद्र द्वारा आयोजित गतिविधियों का संक्षिप्त प्रगति विवरण निर्धारित प्रारूप/निर्देशानुसार विश्वविद्यालय स्तर पर उपलब्ध कराया जाए, ताकि समेकित प्रगति प्रतिवेदन तैयार किया जा सके।

अतः समस्त **विभागाध्यक्षों, केंद्र निदेशकों, क्षेत्रीय केंद्रों के अकादमिक निदेशकों एवं प्रभारियों** से अनुरोध है कि वे अपने-अपने स्तर पर उपर्युक्त कार्ययोजना के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई करते हुए अभियान में सक्रिय एवं व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करें।

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से निर्गत किया जाता है।

कादर नवाज़
(क़ादर नवाज़ ख़ान)
25/8/26

**प्रतिलिपि (ई-मेल द्वारा) :**

1. कुलपति सचिवालय
2. समस्त अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, केन्द्र निदेशक, निदेशक, क्षेत्रीय केन्द्रों के अकादमिक निदेशक एवं प्रभारी
3. निदेशक, आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ
4. पुस्तकालयाध्यक्ष
5. परीक्षा नियंत्रक
6. वित्त अधिकारी
7. श्री उज्ज्वल यादव, सहायक अनुभाग अधिकारी, सीयू-सीडीएन, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली
8. समस्त अनुभाग, केन्द्र, कार्यालय
9. प्रभारी, लीला को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु
10. संबंधित पत्रावली

पोस्ट – हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा–442001 (महाराष्ट्र), भारत
Post - Hindi Vishwavidyalaya, Gandhi Hills, Wardha-442001 (Maharashtra), INDIA
ई-मेल/E-mail: registrar@mgahv.in, **वेबसाइट/Website:** www.hindivishwa.org